# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 25/2023

## प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी०एल०एड०) पाठ्यक्रम के सत्र 2023–2025 में नामांकन हेतु डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2023 के आयोजन के संबंध में आवश्यक सूचना

प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी०एल०एड०) पाठ्यक्रम के सत्र 2023–25 में नामांकन हेतु निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–12/विविध–11/2016 (अंश I)–07 दिनांक 06.01.2023 द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजन हेतु स्वीकृति प्रदान करते हुए पत्रांक–12/विविध–11/2016 (अंश–1)–32 दिनांक 18.01.2023 द्वारा निदेश दिए गए हैं। उक्त के आलोक में सत्र 2023–25 में डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थी/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य संबंधितों को सूचित किया जाता है कि NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्रदत्त डी०एल०एड० प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित राज्य के सभी राजकीय/अराजकीय प्रशिक्षण सस्थानों में कुल स्वीकृत सीटों के विरूद्ध नामांकन के लिए चयन हेतु डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2023 (online) का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। **उक्त प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाईन (online) माध्यम से दिनांक 25.01.2023 से 08.02.2023 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है।** प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के नामांकन हेतु, **मेधा सूची एवं संस्थानों की प्राथमिकता (Merit-Cum-Choice) के आधार** पर, संस्थान आवंटित होगा, जिसके लिये समिति द्वारा अलग से विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी।

**2. प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु शैक्षणिक योग्यता –**

**(i)** उच्च माध्यमिक (+2) अथवा उसके समकक्ष परीक्षा में कम से कम 50% अंक से उत्तीर्ण।

**(ii)** सभी आरक्षित कोटि एवं दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम निर्धारित अंकों में 5% छूट होगी।

**(iii)** डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2023 में इण्टरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा, 2023 में भाग लेने वाले परीक्षार्थी भी सम्मिलित हो सकेंगे, लेकिन नामांकन हेतु चयन इण्टरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा में 50 प्रतिशत (आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को 5 प्रतिशत की छूट) अंक पाकर उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों का ही होगा।

**(iv)** निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–12/विविध–11/2016 (अंश) –715 दिनांक 13.12.2022 के आलोक में वैसे अभ्यर्थी जो शास्त्री, पोलीटेक्नीक, आई.टी.आई. या अन्य प्रकार की योग्यता रखते हैं, वे डी0एल0एड0 कोर्स में नामांकन के पात्र नहीं होंगे। लेकिन यदि किसी अभ्यर्थी ने 10+2 में वोकेशनल कोर्स के अन्तर्गत योग्यता हासिल की है अथवा जिन्होंने मध्यमा के बाद इण्टर 10+2 अथवा फोकानियां के बाद इण्टर, 10+2 की योग्यता हासिल की है वे डी0एल0एड0 कोर्स में नामांकन के पात्र होंगे।

**2. उम्र सीमा (Age Limit)** – अभ्यर्थी की न्यूनतम उम्र सीमा पहली जनवरी, 2023 को 17 वर्ष (सभी कोटि के लिए) होगी।

**3. प्रवेश प्रक्रिया (Admission Process) -**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित डी०एल०एड० ऑनलाईन संयुक्त प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर तैयार मेधा सूची (Merit List) के अनुसार बिहार के सभी सरकारी एवं गैर–सरकारी संबंद्धता प्राप्त अध्यापक शिक्षा संस्थानों में 'प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा' (डी०एल०एड०) कोर्स में नामांकन हेतु बिहार सरकार के आरक्षण नियमों के अनुसार तथा सरकार द्वारा उर्दू तथा कला/वाणिज्य एवं विज्ञान विषयों के लिए निर्धारित स्थान एवं अभ्यर्थियों द्वारा महाविद्यालय के लिये दी गई प्राथमिकता (Institution Choice) को दृष्टिपथ में रखते हुए Online कम्पयूटरीकृत रूप से अभ्यर्थियों को महाविद्यालय आवंटित किया जाएगा।

**4. न्यूनतम अर्हक अंक (Minimum Qualifying Marks) -**

डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्णता हेतु न्यूनतम अर्हक अंक अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवार के लिये 35 प्रतिशत तथा आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार के लिये 30 प्रतिशत होगा।

**5. आरक्षण –**

**(क) उर्ध्वाधर आरक्षण (Vertical Reservation)** - डी०एल०एड० (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में) प्रवेश में अनुसूचित जातियों (SC), अनुसूचित जनजातियों (ST), पिछड़ा वर्ग (BC), अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (EBC), पिछड़े वर्ग की महिलाओं (WBC) एवं आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य कोटि के अभ्यर्थियों (EWS) के पक्ष में क्रमशः 16 प्रतिशत, 01 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत ,03 प्रतिशत एवं 10 प्रतिशत की सीमा तक आरक्षण बिहार सरकार की अधिसूचना/शासनादेश के अनुसार देय होगा।

**(ख) क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation)** - सरकारी नियमानुसार कुल स्वीकृत सीटों में से दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए पाँच प्रतिशत (5%), स्वतंत्रता सेनानी के नाती/नतिनी/पोता/पोती के अभ्यर्थी को दो प्रतिशत (2%), बिहार राज्य के निवासी सेवारत्/सेवानिवृत/दिवंगत/भूतपूर्व सैनिक कर्मचारी के आश्रित पुत्र/आश्रित अविवाहित पुत्री को पाँच प्रतिशत (5%) क्षैतिज आरक्षण देय होगा।

**(I)** उर्दू विषय के अभ्यर्थियों के लिए दस प्रतिशत (10%) स्थान आरक्षित होगा। क्षैतिज आरक्षण के रूप में यह आरक्षण लागू होगा, परंतु यह आरक्षण लाभ उन्हीं अभ्यर्थियों को मिलेगा जिन्होंने +2 स्तर की परीक्षा में उतीर्णता उर्दू विषय के साथ हासिल की है।

**(ii)** कुल सीट का 50 प्रतिशत विज्ञान तथा 50 प्रतिशत कला/वाणिज्य अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होगा।

**6. आवेदन करने की तिथि** – उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु केवल निर्धारित अहर्त्ता रखने वाले अभ्यर्थियों से सिर्फ ऑनलाईन के माध्यम से समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। **आवेदन–पत्र एवं परीक्षा शुल्क दिनांक 25.01.2023 से 08.02.2023 तक स्वीकार किये जाएँगे।**

**7. परीक्षा शुल्क (Examination Fee) -**

| क्र०सं० | श्रेणी | आवेदन शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य कोटि/आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य कोटि के अभ्यर्थी/पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 960/–रू० |
| 2 | अनुसूचित जाति/ अनु0 जनजाति/दिव्यांग | 760/–रू० |

**8. प्रवेश परीक्षा (Entrance Test) -**

प्रवेश परीक्षा ऑनलाईन माध्यम (Camputer Based test) से आयोजित होगी। इस परीक्षा में 120 प्रश्न होंगे जो वस्तुनिष्ठ एवं बहुवैकल्पिक होंगे।

**9. नार्मलाइजेशन (Normalization) -**

ऑनलाईन विधि से आयोजित की जाने वाली वैसी प्रतियोगिता परीक्षाएँ जिनमें अभ्यर्थियों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक होती है, एक से अधिक पालियों (Sitting)/तिथियों (Dated) में आयोजित की जाती है। उनमें सामान्यतया अलग–अलग पालियों में प्रश्न पत्रों के अलग–अलग कठिनाई स्तर होने के कारण इन परीक्षाओं का परीक्षाफल तैयार करने के पूर्व Normalization की विधि अपनाई जाती है, ताकि किसी विशेष पाली के अभ्यर्थियों को कोई खास लाभ या हानि नहीं हो। इसलिए इस परीक्षा में भी Normalization विधि अपनाकर परीक्षाफल प्रकाशित किया जाएगा।

**10. प्रवेश परीक्षा की अवधि (Duration of Entrance Test) -**

प्रवेश परीक्षा की अवधि 150 मिनट (2:30 घंटा) की होगी।

**11. प्रवेश परीक्षा का प्रारूप (Pattern of Entrance Test) -**

| क्र सं. | विषय | प्रश्नों की संख्या | निर्धारित अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य हिन्दी (General Hindi)/उर्दू (Urdu) | 25 | 25 |
| 2 | गणित (Mathematics) | 25 | 25 |
| 3 | विज्ञान (Science) | 20 | 20 |
| 4 | सामाजिक अध्ययन (Social Studies) | 20 | 20 |
| 5 | सामान्य अंग्रेजी (General English) | 20 | 20 |
| 6 | तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता (Logical & Analytical Reasoning) | 10 | 10 |
| | कुल | 120 | 120 |

**प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक दिये जाएँगे।**

**12. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की विधि** – डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर क्लिक करने पर **डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2023** का लिंक खुलेगा।

इस लिंक पर क्लिक कर अभ्यर्थी विहित प्रपत्र में अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, जाति कोटि, लिंग, शैक्षणिक योग्यता, मोबाईल नं0, ई–मेल आई0डी0, स्थायी पता, पत्राचार पता आदि विवरण शुद्ध–शुद्ध अपलोड करेंगे।

➢ **परीक्षा आवेदन–पत्र समिति की वेबसाईट पर अपलोड करने का तरीका निम्नवत् है –**

- वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर आवेदन की प्रक्रिया दो चरण में पूर्ण होगी – (i) पंजीकरण, (ii) फॉर्म भरना।

**(I) पंजीकरण** – प्रथम बार में अभ्यर्थी "Register (New Candidate)" पर क्लिक करें। तत्पश्चात् Initial Registration का पेज खुलेगा। उस पेज पर Subject Applied for (i) Arts/Commerce (ii) Science चुनेंगे। इसके बाद जिला, योग्यता, कोटि, लिंग, दिव्यांगता, अभ्यर्थी का नाम, जन्म तिथि, ई–मेल एवं मोबाईल नम्बर अंकित कर Submit and continue बटन क्लिक करेंगे। आवेदक को "Submit and Continue" बटन पर क्लिक करने से पहले सावधानीपूर्वक भरे गये विवरणों की जांच करनी होगी, क्योंकि इसके बाद के चरण में आवेदन में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। Submit करने के पश्चात् आपके पंजीकृत मोबाईल पर SMS के माध्यम से एवं पंजीकृत ई–मेल आई0डी0 पर आवेदन संख्या (यूजर आई0डी0) एवं पासवर्ड भेजा जायेगा, जिसका उपयोग करते हुए ऑनलाईन आवेदन भरने के लिए आगे Login कर सकेंगे।

**पंजीकृत पर्ची की प्राप्ति** : भुगतान सफल होने के बाद पंजीकृत पर्ची (Registration Slip) उत्पन्न (Generate) होगा। आवेदक "Print Registration Slip" बटन पर क्लिक कर पंजीकृत पर्ची का प्रिंट आउट प्राप्त कर सकते हैं।

**(ii) आवेदन पत्र भरना** – आवेदक के मोबाईल एवं ई–मेल पर उपलब्ध कराये गये आवेदन संख्या एवं पासवर्ड पोर्टल के मुख्य पेज पर Login करने पर आवेदन–पत्र का पेज खुलेगा। उस पेज पर अभ्यर्थी अपना व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक–प्रशैक्षणिक विवरण भरेंगे। उसके बाद अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करेंगे। उसके बाद परीक्षा शुल्क की राशि का भुगतान करेंगे।

**अपलोड रंगीन फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर** : अभ्यर्थी के फोटोग्राफ का स्कैन किए हुए साइज 100kb से 150 kb तक एवं आयाम 3.5cm × 4.5 cm होना चाहिए एवं हस्ताक्षर का स्कैन किया हुआ साईज 50kb से 100 kb तक होना चाहिए।

- रंगीन फोटोग्राफ हाल (Recent) का होना चाहिए एवं Background सफेद अथवा हल्का रंग का होना चाहिए एवं कैमरे के सामने का खींचा हुआ होना चाहिए तथा अभ्यर्थी की आँखें एवं चेहरा स्पष्ट रूप से दिखना चाहिए।
- फोटो खिंचवाने के समय टोपी, कोई कपड़ा अथवा काला चश्मा स्वीकार्य नहीं है।
- यदि फोटोग्राफ में लाल–आँख (Red Eye Effect) का प्रभाव है, तो कृपया इसे Edit कर हटा दें।

**13. प्रमाण पत्रों को अपलोड करना –**

**a)** मैट्रिक ($10^{th}$) का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र (जन्म तिथि के लिए)।

**b)** इंटर ($12^{th}$) का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।

**c)** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवारों के लिए सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र।

**d)** अत्यंत पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत क्रीमिलेयर रहित अद्यतन प्रमाण पत्र।

**(आरक्षण का दावा करने वाली विवाहित महिलाओं के जाति/अद्यतन क्रीमिलेयर रहित प्रमाण पत्र उनके पिता के नाम एवं पता से निर्गत होना चाहिए, न कि उनके पति के नाम से)**

**e)** आर्थिक रूप से पिछडा सामान्य कोटि के अभ्यर्थी (EWS) का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के लिए सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र।

**f)** दिव्यांगता का दावा करने की स्थिति में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र।

**g)** स्वतंत्रता सेनानी के नाती/नतिनी/पोता/पोती का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के लिए जिला पदाधिकारी या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी के हस्ताक्षर से निर्गत प्रमाण पत्र।

**h)** बिहार राज्य निवासी सेवारत/सेवानिवृत/दिवंगत/भूतपूर्व सैनिक कर्मचारी के आश्रित पुत्र/आश्रित अविवाहित पुत्री का दावा करने वाले अभ्यर्थी के लिए सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र।

**14. परीक्षा शुल्क का भुगतान–** परीक्षा शुल्क की राशि Debit Card/Credit Card/Net Banking के माध्यम से भुगतान करने की अनुमति होगी। इसके अलावे अन्य कोई माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**15.** ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र समिति की वेबसाईट पर अपलोड करने के पश्चात् अभ्यर्थी के मोबाईल एवं ई–मेल पर यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड भेजा जायेगा एवं अभ्यर्थी के यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड को अभ्यर्थी भविष्य के लिए सुरक्षित रख लेंगे एवं इसकी गोपनीयता बनाये रखेंगे। इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड को समिति कार्यालय में कदापि न भेजें। **इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से अभ्यर्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार के त्रुटिपूर्ण विवरण ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि तक समिति की उक्त वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर जाकर सुधार कर सकेंगे।**

**नोट : ऑनलाईन के अलावे किसी भी अन्य माध्यम से आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

**16.** यह आवश्यक है कि Online परीक्षा आवेदन पत्र स्वयं के द्वारा भरा जाए। किसी आवेदक का अपूर्ण रूप से भरा हुआ या दूसरे के द्वारा भराया गया अथवा एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर आवेदन पत्र अस्वीकृत/रद्द कर दिया जायेगा।

**17.** ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा भरे गये विवरण गलत पाये जाने पर उनके आवेदन पत्र को अस्वीकृत करते हुए उनका परीक्षाफल रद्द कर दिया जायेगा।

**18.** केवल घोषणा पत्र एवं आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर के लिए अंग्रेजी के बड़े अक्षरों (CAPITAL LETTER) का प्रयोग वर्जित है।

**19.** उक्त दोनों परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार के विवाद का मामला केवल उच्च न्यायालय, पटना के क्षेत्राधिकार में होगा।

**20.** इस परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना, सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों तक ही प्राप्त किया जा सकेगा।

**21.** आवेदन शुल्क जमा करने के पश्चात् आवेदक अपने आवेदन फार्म की एक हार्ड कॉपी डाउनलोड करेंगे एवं सुरक्षित संधारित रखेंगे। भरे गये आवेदन में किसी प्रकार की जानकारी गलत पाये जाने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी।

**22.** उक्त परीक्षा से संबंधित पृच्छा के लिए **हेल्पलाईन नम्बर– 6268062129, 6268030939** अथवा **E-mail ID : bseb.helpdesk@cbtexams.in** के माध्यम से सम्पर्क किया जा सकता है।

**23. परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त उक्त परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार की त्रुटि में सुधार हेतु दावा मान्य नहीं होगा।**

परीक्षा नियंत्रक (विविध)